आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 23.03.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है।
- राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।
- राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार के चार साल पूरे होने पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने काठगोदाम में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

....

प्रधानमंत्री/लोकसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है। श्री मोदी ने लोकसभा में आज पश्चिम एशिया संघर्ष पर बयान में कहा कि पूरे देश में पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध की शुरुआत से ही प्रभावित देशों में रहने वाले प्रत्येक भारतीय को सहायता प्रदान की गई है।

श्री मोदी ने कहा कि यह संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। इसका कच्चे तेल की कीमतों पर गहरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस संघर्ष के शीघ्र समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है।

....

सरकार/चार साल

राज्य सरकार के आज चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित चार साल बेमिसाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने 401 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 74 विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते चार वर्षों में जहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल और हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत कर नागरिकों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का प्रयास किया है। वहीं, विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के समग्र विकास का विजन प्रस्तुत किया है। इन्हीं प्रयासों से बीते चार वर्षों में राज्य ऐसी कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का साक्षी बना है, जो किसी भी छोटे राज्य के लिए असंभव समझी जाती थीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पिछले चार सालों में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कनक चौक से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो में भाग लिया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

....

नेता प्रतिपक्ष

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने धामी सरकार के चार साल पूरे होने पर प्रदेश सरकार से पूरे कार्यकाल का विस्तृत श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी उपलब्धियों के साथ प्रदेश की वास्तविक स्थिति भी जनता के सामने स्पष्ट करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर स्पष्ट जवाब मांगा है।

....

जनगणना प्रशिक्षण

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आज नैनीताल जिले के काठगोदाम में जनगणना–2027 के मास्टर ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है, उसका आधार यह जनगणना ही तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि सभी विकास योजनाएं जनगणना के आंकड़ों पर ही आधारित होती है, इसलिए यह बहुत जिम्मेदारी का कार्य है।

....

खेल मंत्री

उत्तराखंड में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज हल्द्वानी के गौलापार स्थित भूमि का निरीक्षण किया, जहां इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है। इस दौरान उन्होंने इसे प्रदेश के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। खेल मंत्री ने कहा कि यहां बनने वाला खेल विश्वविद्यालय प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नई दिशा देगा और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मंच प्रदान करेगा। यह आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा।

....

उद्यमिता नेतृत्व कार्यशाला

पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में आज जिला उद्योग केन्द्र की ओर से आयोजित दो दिवसीय उद्यमिता नेतृत्व कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने परियोजना स्थापना, भूमि संबंधी प्रक्रियाएं, वित्तीय प्रबंधन और वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। बैंक और विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभागियों को उद्योग स्थापना से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

....